# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 194वीं बैठक दिनांक 09.12.2024 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 194वीं बैठक दिनांक 09.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस.तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | डॉ0 मुंशी राम, प्रभारी अधिष्ठाता | सदस्य |
| 12. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी—विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 13. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, डायरेक्टर—आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 14. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता—छात्रकल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15. | डॉ0 सम्पूर्णानंद झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 16. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :—

1. प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी

कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। कुलपति महोदय के प्रेरणादायी उद्बोधन के पश्चात् निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :—

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 193वीं बैठक दिनांक 24.11.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :— निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 193वीं बैठक दिनांक 24.11.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 193वीं बैठक दिनांक 24.11.2024 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 193वीं बैठक दिनांक 24.11.2024 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

Randive
09-12-2024

09/12/2024

**विषय क्र. 03.** **जी.जी.व्ही. सेन्टर फॉर सोशल इम्पैक्ट एण्ड सी.एस.आर. एक्सीलेंस ऐकेडमी की स्थापना के संबंध में वित्त पोषण हेतु प्रस्ताव भेजने के सबंध में विचार करना।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि जी.जी.व्ही. सेन्टर फॉर सोशल इम्पैक्ट एण्ड सी.एस.आर. एक्सीलेंस ऐकेडमी की स्थापना के संबंध में वित्त पोषण हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं कार्पोरेट क्षेत्र एवं उद्योगों से साझेदारी हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन संबंधी शिवाजी कॉलेज, दिल्ली से प्राप्त ई—मेल दिनांक 07.12.2024 प्रस्तुत किया गया। प्राप्त पत्र पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने उक्त अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की तथा आयोजन हेतु धनराशि रू0 पांच लाख स्वीकृत किये जाने की भी सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई। यह धनराशि विश्वविद्यालय आंतरिक स्रोतो से अथवा अन्य फंडिंग एजेन्सी से प्राप्त कर उपलब्ध करायेगा।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में स्थायी स्टेट ऑफ आर्ट सेन्ट्रल एनीमल हाउस एवं रिसर्च फैसिलिटी स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु सैद्धान्ति सहमति है परन्तु फार्मेसी विभाग प्रस्तुत प्रस्ताव का पुनः परीक्षण कर नवीनतम डीएसआर के प्रावधानों के अनुरूप प्रस्ताव वास्तुविधि प्लान एवं प्राक्कलन सहित प्रारूपित कर पुनः स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल संसाधन स्थापित किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्थायी समिति की सैद्धान्तिक सहमति है परन्तु प्रस्तुत प्रस्ताव को पुर्नविचार हेतु शारीरिक शिक्षा विभाग को लौटा दिया जाय। शारीरिक शिक्षा विभाग नवीनतम डीएसआर के प्रावधानों के अनुरूप प्रस्ताव वास्तुविधि प्लान एवं प्राक्कलन सहित प्रारूपित कर पुनः स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष बैठक के दौरान प्रो0 राजेन्द्र मेहता, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विभिन्न शक्तिपीठों के संबंध में अध्ययन एवं शोध हेतु अध्ययन केन्द्र/शक्ति चेयर की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत विषय पर चर्चा उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि शक्तिपीठों से सम्बद्ध अध्ययन एवं शोध करने तथा जानकारी संकलन कर प्रकाशित कराने हेतु अध्ययन केन्द्र एवं शक्ति चेयर की स्थापना की जाय।

Ravendra
09-12-2024

09/12/2024

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त अध्ययन केन्द्र एवं शक्ति चेयर की स्थापना के लिए अगले पांच सालों में होने वाले व्यय के लिए धनराशि की व्यवस्था विश्वविद्यालय सामाजिक सहयोग प्राप्त कर करेगा।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि अध्ययन केन्द्र एवं शक्ति चेयर की स्थापना के संबंध में विस्तृत प्रस्ताव प्रो0 राजेन्द्र मेहता, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग प्रस्तुत करेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

09-12-2024

**कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव**

**कुलपति/अध्यक्ष**